लोकहित 24 News EXPRESS LIVE

LOKHIT24NEWSEXPRESSLIVE

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES

Regards, Administrator
Udyam Registration Portal Team Ministry of MSME
Government of India, New Delhi
UDYAM-CG-25-0002846

23 जुलाई 2023 गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

वर्ष 1 अंक 104 : प्रधान संपादक- सैयद बरकत अली

# श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद में हुआ नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

## "लोकहित 24 न्यूज़ एक्सप्रेस लाइव" गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

*श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद में हुआ नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गरियाबंद - श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा संस्था के प्राचार्य बलजीत कौर के मार्गदर्शन में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वदन व सरस्वती वंदना से हुई। प्राचार्या श्रीमती बलजीत कौर और उपस्थित पालकों द्वारा नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैच व सैस पहनाकर अलंकृत किया। साथ ही छात्र परिषद के सदस्यों को विद्यालय के प्रति उनके कर्तव्यों व जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया तथा उन्हें कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई, सत्र 2023-24 छात्र संघ के पदाधिकारियों में हेड बॉय ऋषभ साहू, हेड गर्ल खुशबू सिन्हा, खेल सचिव तन्मय निषाद, सांस्कृतिक सचिव धानी साहू, गुरुकुल हाउस कैप्टन नियति मडामे, वॉइस कैप्टन डोमेंद्र निषाद , नालंदा हाउस कैप्टन रिद्धि सिन्हा , वाइस कैप्टन देविका खरे, तक्षशिला हाउस कैप्टन धान्या सोनी वाइस कैप्टन कनिष्का बिप्रे, विक्रमशिला हाउस कैप्टन तनुजा साहू, वॉइस कैप्टन वैष्णवी यादव को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पालक, छात्र-छात्राएं, व संस्था के शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थिति थे। कार्यक्रम को सफल बनाने ने में श्रद्धा पब्लिक स्कूल परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।*

**श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा संस्था के प्राचार्य बलजीत कौर के मार्गदर्शन में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया**